# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

अति–आवश्यक

पत्रांक : पी0ए0/ 10224
दिनांक : 07.02.2024

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव,
साहित्य सास्कृतिक परिषद,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिनांक 22.01.2024 को आयोजित होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में भारत अंतरिक्ष सप्ताह द्वारा दिनांक 09 से 10 फरवरी, 2024 तक श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–851/32–जी0एस0 (India space week)/2023 (TC) दिनांक 06.02.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिनांक 22.01.2024 को आयोजित होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में भारत अंतरिक्ष सप्ताह द्वारा दिनांक 09 से 10 फरवरी, 2024 तक श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि आप कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र के आलोक में कार्यवाही करने का कष्ट करें, साथ ही उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु समन्वयक, ललित कला विभाग, एवं प्राचार्या, मदन मोहन विद्या मन्दिर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर से सहयोग प्राप्त करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. विश्वविद्यालय प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

E-mail

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

## लखनऊ–226027

संख्याः ई– 851 /32–जी0एस0(india space week)/2023(TC)
दिनाँकः 06 ,फरवरी–2024

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– **श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिनाँक 22 जनवरी, 2024 को आयोजित होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में भारत अंतरिक्ष सप्ताह द्वारा दिनाँकः 09 से 10 फरवरी, 2024 तक श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी, इंडिया स्पेश वीक, (भारत अंतरिक्ष सप्ताह) बी–ए/14 बी, जनकपुरी, नई दिल्ली द्वारा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिनाँक 22 जनवरी, 2024 को आयोजित होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में भारत अंतरिक्ष सप्ताह द्वारा दिनाँकः 09 से 10 फरवरी, 2024 तक श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किये जाने विषयक इस सचिवालय को प्रेषित संलग्न पत्राँक/आई0एस0डब्लू0/सा0–उ0प्र0/335/2024 दिनाँक 18 जनवरी, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में उपर्युक्त पत्र द्वारा प्रेषित निर्धारित कार्यक्रमानुसार छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,

प्रतिलिपि–सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी, इंडिया स्पेश वीक,बी–ए/14 बी, जनकपुरी, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

(हेमन्त कुमार चौधरी)
कुलाधिपति के उप सचिव

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi - 110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

पत्रांक: आई० एस० डब्लू०/सा०–उ० प्र०/335/2024

दिनांक: 18 जनवरी–2024

OSD

सं०ए०सी०एस–कैम्प/305
दिनांक 24/01/24

637
30/01/24

24.1.24

दिनांक 29/01/2024

24-1-2024

प्रेषक,

संवद्धता नियामक प्राधिकारी,
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली।

सेवा में,

डॉ० सुधीर एम० बोबडे,
अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश
राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश लखनऊ – 226027

विषय : श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होने के उपलक्ष में प्रदेश के समस्त संस्थानों में भारत अंतरिक्ष सप्ताह द्वारा 09 से 10 फरवरी तक श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय अवगत कराना है कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में 09 से 10 फरवरी को श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला का उत्सव आयोजित किया जाना है।

उक्त सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि प्रदेश के विभिन्न स्कूलों, विद्यालयों, कॉलेजो, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव के प्रति निम्न कार्यक्रम कराए जाने की योजना है।

DS

वेशभूषा कार्यक्रम – प्रदेश के समस्त संस्थानों में उक्तानुसार वेशभूषा कार्यक्रम का आयोजन उक्त तिथियों में स्कूलों, विद्यालयों, कॉलेजो, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में किया जाएगा श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला के निर्धारित किए गए 5 विषयो में से किसी एक विषय पर छात्र/छात्राओं को लगभग 2 से 5 मिनट की वेशभूषा कार्यक्रम का प्रदर्शन करेंगे। प्रत्येक स्कूलों, विद्यालयों, कॉलेजो, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम 09 फरवरी 2024 सायंकाल तक पूर्ण कराना है। छात्र/छात्राओं को अपना चलचित्र (वीडियो) ऑनलाइन के माध्यम से दिनांक 20 फरवरी 2024 को वेबसाइट पर अपलोड करना है। दिनांक 28 मार्च 2024 को मुख्यालय पर गठित समिति द्वारा छात्र/छात्राओं का चलचित्र (वीडियो) का परिशीलन किया जाएगा। उसके उपरांत समिति सभी वेशभूषा कार्यक्रम में से प्रथम , द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का चयन करेंगी। प्रथम पुरुस्कार धनराशि 10000/– रुपए , द्वितीय पुरस्कार धनराशि 5000/– रुपए एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि 2500/– रुपए देय होगी। दिनांक 10 अप्रैल 2024 को छात्र/छात्राओं को उक्त धनराशि नगद प्रेषित की जाएगी। यह धनराशि भारत अंतरिक्ष सप्ताह कोष से व्यय की जाएगी।

29-01-2024

SO(E-2)
29.01.24

वेशभूषा कार्यक्रम के चार विषय
( यह कार्यक्रम छात्र/छात्राओ द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा )

1. श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम
   किरदार – छात्र / छात्राओं द्वारा श्री राम भक्त के रूप में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का पूजन करते हुए।
2. वृक्षरोपण
   माँ सीता द्वारा वाटिका का वृक्षरोपण करते हुए।
   किरदार — माँ सीता
3. संजीवनी पर्वत
   हनुमान जी द्वारा संजीवनी पर्वत लाते हुए।
   किरदार — हनुमान जी
4. श्रेष्ठ गुणों का सम्मान
   श्री राम अपने शत्रु के श्रेष्ठ गुणों का सम्मान करते थे।
   किरदार — श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान जी, रावण

श्री जनक
29-01-24

संबद्धता नियामक प्राधिकारी आई० एस० डब्लू० कार्यालय
डायरी संख्या / Diary No. 335
दिनांक / Date 18-01-2024
हस्ताक्षर / Signature
Office of Affiliation Regulatory Authority, ISW

NASA EgSA JAXA इसरो isro esa UN-GGIM ACADEMIC NETWORK

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई-मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi - 110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता   प्रदेश के समस्त संस्थानों में उक्तानुसार ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन उक्त तिथियों में स्कूलों, विद्यालयों, कॉलेजो, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में किया जाएगा निर्धारित दिनांक 10 फरवरी 2024 को उक्त विषयो में से किसी एक विषय पर छात्र/छात्राओं को ड्राइंग और पेंटिंग किए जाने हेतु 100 मिनट का समय दिया जाएगा जिसके लिए कलर, ब्रश , पेपर आदि सामग्री लानी होगी। प्रत्येक स्कूलो, विद्यालयों, कॉलेजो, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के छात्र/छात्राओं को अपनी ड्राइंग की गयी पेंटिंग ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 20 फरवरी 2024 तक वेबसाइट पर अपलोड करनी है। दिनांक 28 मार्च 2024 का छात्र/छात्राओं की ड्राइंग की गयी पेंटिंग का मुख्यालय पर गठित समिति द्वारा परिशीलन किया जाएगा। उसके उपरांत समिति सभी  ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में से प्रथम , द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का चयन करेगी। प्रथम पुरुस्कार धनराशि 10000/– रुपए , द्वितीय पुरस्कार धनराशि 5000/– रुपए एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि 2500/– रुपए देय होगी। दिनांक 10 अप्रैल 2024 छात्र /छात्राओं को उक्त धनराशि नगद प्रेषित की जाएगी। यह धनराशि भारत अंतरिक्ष सप्ताह कोष से व्यय की जाएगी !

ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के पांच विषय

1. श्री राम प्राण प्रतिष्ठा पूजन करते हुए।
2. माँ सीता द्वारा पौधे सींचते हुए।
3. श्री राम धनुष तोड़ते हुए।
4. श्री राम लक्ष्मण और माँ सीता द्वारा वन का भ्रमण करते हुए।
5. श्री हनुमान जी और अन्य वानर सेना द्वारा रामसेतु पुल बनाते हुए।

नोट:
1. वेशभूषा एवं ड्राइंग और पेंटिंग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र/छात्राओं को एक पौधे का वृक्षारोपण करना है और वृक्षारोपण करते समय छात्र/छात्राओं का फोटो लेना होगा और दोनों प्रतियोगिता के चित्र व चलचित्र के साथ यह फोटो भी ऑनलाइन माध्यम से अपलोड करना होगा।
2. वृक्षारोपण के जरिये हम इस प्रकृति में एक नयी प्राणवायु का संचालन करने में अपना योगदान दे रहे है।
3. विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
4. प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
5. श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला द्वारा प्राण प्रतिष्ठा वेशभूषा एवं ड्राइंग और पेंटिंग कार्यक्रम के दिशा निर्देश इंडिया स्पेस वीक की वेबसाइट www.indiaspaceweek.org पर उपलब्ध है।
6.

सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी आई० एस० डब्लू० कार्यालय
डायरी संख्या / Diary No. 335
दिनांक / Date 18-01-2024
हस्ताक्षर / Signature ...
Office of Affiliation Regulatory Authority, ISW

भवदीय,

सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु।
1– राष्ट्रपति सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
2– प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक, रायसीना हिल नई दिल्ली।
3– प्रमुख सचिव राज्यपाल कार्यालय उत्तर प्रदेश।
4– मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

**भारत अंतरिक्ष सप्ताह**
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi - 110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

## श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला एप्लीकेशन (app)

1. श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला एप्लीकेशन के माध्यम से पौधे में कितनी वृद्धि हुई और वास्तविक समय में सटीक और कुशल जानकारी प्राप्त कर सकते है।

2. वृक्षारोपण करते समय एप्लीकेशन के माध्यम से हम अपने पौधों की लोकेशन सेट (pin) करेंगे और उनको ट्रैक कर सकते है।

3. इस एप्लीकेशन के माध्यम से पौधे की देख–रेख कर सकते है और पौधे की कितनी वृद्धि हो रही हैं व कीड़े–किटको से उसे कोई नुकसान तो नहीं हो रहा है आदि की निगरानी कर सकते है।

## श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला एप्लीकेशन (app) – प्रेरणा स्त्रोत

श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो जाने के बाद भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। श्रीराम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। रामराज्य वन क्षेत्रों से भरा था। सभी वृक्ष हरे–भरे पुष्प तथा फल सम्पन्न थे। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष थे जिसके नीचे बैठकर श्रीराम और माँ सीता भक्ति आराधना करते थे। लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के साथ जुड़कर और प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए हमें प्रेरित किया। श्रीराम जी के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। अनेक स्थानों पर वाल्मीकि जी रचित रामायण से लेकर तुलसीदास जी रचित रामचरित मानस में प्रकृति चित्रण, पर्यावरण संचेतना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित और विस्तृत उल्लेख किया गया है।

संबद्धता नियामक प्राधिकारी आई० एस० डब्ल्यू० कार्यालय
डायरी संख्या / Diary No. 835
दिनांक / Date 18-01-2024
हस्ताक्षर / Signature ...
Office of Affiliation Regulatory Authority, ISW